CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 16 रायपुर, शनिवार 8 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# महाकुंभ में जाप - हार गई 'आप'

## आप के सारे दिग्गज हारे, आतिशी जीतीं

## भरभराकर गिरा केजरीवाल का शीशमहल

**नई दिल्ली,** 8 फरवरी (न्यूज चैनल)। **दिल्ली चुनाव के नतीजों पर नजर पूरी दुनिया की लगी थी क्योंकि भाजपा 27 साल से वनवास झेल रही थी और अरविंद केजरीवल का कद ऊंचा होते-होते जेल की सलाखों को पार कर गई थी तब जीत-हार को लेकर लोगों में बड़ी दिलचस्पी थी कि आखिर अब मोदी और केजरीवाल का क्या होने वाला है। यद्यपि एक दिन पहले ही एक्जिट पोल ने यह अहसास करा दिया था कि केजरीवाल का शीशमहल भरभराकर गिरने वाला है और मोदी का महाकुंभ स्नान -जाप अब रंग लाएगा। अंततः हुआ वही भी दिल्ली की जनता ने फिर भाजपा को दिल्ली सौंप दी।**



दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। नतीजे तो उसके पक्ष में रहे नहीं, लेकिन उसके बड़े-बड़े नेता भी चुनाव हार गए। नई दिल्ली सीट से अरविंद केजरीवाल को भी हार का सामना करना पड़ा है अरविंद केजरीवाल को प्रवेश वर्मा ने हराया है। केजरीवाल को वर्मा ने 3182 वोटों से हराया है। वहीं, पटपड़गंज छोड़ जंगपुरा से चुनाव लड़ने वाले मनीष सिसोदिया को 600 वोटो से हार मिली है। मनीष सिसोदिया को भाजपा उम्मीदवार तरविंदर सिंह मारवाह ने हराया है। सत्येंद्र जैन भी चुनाव हार गए हैं। अभी तक भाजपा 47 सीटों पर जीत दर्ज कर चुके हैं वहीं आप पार्टी 23 सीटों पर जीते हैं वहीं कांग्रेस ने खाता नहीं खोल पाया है।

दिल्ली में भाजपा मुख्यालय पर जश्न जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम 7 बजे पार्टी हेडक्वार्टर पहुंचेंगे और कार्यकर्ताओं के बीच स्पीच देंगे। इस बीच, केजरीवाल को हराने वाले भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने अमित शाह से मुलाकात की। वहीं, वही राजेंद्र नगर से दुर्गेश पाठक को हार मिली है। यह आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार थे। कांग्रेस का खाता खुलने की संभावना भी कम नजर आ रही है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर अपना भरोसा जताया है, जनता प्रधानमंत्री के साथ है। यह बहुत बड़ी जीत है, यह जनता की जीत है, इस जीत के शिल्पकार प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हैं।

**स्थिति : 2 बजे तक**
**कुल 70 सीट**
**भाजपा : 47**
**आप : 23**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों में बीजेपी लगातार बढ़त बनाए हुए है। आम आदमी पार्टी (क्क) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया हार रहे हैं। केजरीवाल को नई दिल्ली सीट से हार का सामना करना पड़ा है, जबकि मनीष सिसोदिया जंगपुरा सीट से पीछे चल रहे हैं। दूसरी ओर, कालकाजी सीट से आप की आतिशी ने रमेश बिधूड़ी को हराया है। बीजेपी की रेखा गुप्ता शालीमार बाग सीट से 29,595 वोटों से जीत गई हैं। वहीं, बीजेपी के प्रवेश वर्मा ने केजरीवाल को 3,182 वोटों से हराया है। क्क के अन्य बड़े नेता भी अपनी सीटों पर बीजेपी से पीछे चल रहे हैं।

### 600 वोट से हम पीछे रह गए



आप नेता और जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार मनीष सिसोदिया ने कहा, जंगपुरा के लोगों ने बहुत प्यार दिया लेकिन लगभग 600 वोट से हम पीछे रह गए। जो उम्मीदवार जीते हैं, हम उन्हें बधाई देते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि जंगपुरा के लोगों की समस्याओं को वे हल करेंगे। मनीष सिसोदिया ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने अच्छी लड़ाई लड़ी, हम सभी ने कड़ी मेहनत की। लोगों ने भी हमारा समर्थन किया। लेकिन, मैं 600 वोटों से हार गया। मैं जीतने वाले उम्मीदवार को बधाई देता हूं। मुझे उम्मीद है कि वह निर्वाचन क्षेत्र के लिए काम करेंगे।

### आज न्याय हुआ है : कुमार विश्वास



दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए वोटों की गिनती जारी है और नवीनतम रुझानों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय राजधानी में परचम लहराने की ओर अग्रसर है। कवि और सामाजिक कार्यकर्ता कुमार विश्वास ने अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा कि न्याय मिल गया है। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा को जीत के लिए बधाई देता हूं और मुझे उम्मीद है कि वे दिल्ली के लोगों के लिए काम करेंगे। केजरीवाल पर बिना नाम लिए निशाना साधते हुए कुमार विश्वास ने कहा कि मुझे उस आदमी से कोई सहानुभूति नहीं है जिसने आप पार्टी के कार्यकर्ताओं के सपनों को कुचल दिया। दिल्ली अब उससे आज़ाद है। उसने उन सपनों का इस्तेमाल अपनी निजी महत्वाकांक्षाओं के लिए किया। आज न्याय मिल गया। वहीं, उन्होंने कहा कि जब हमें मनीष सिसोदिया के जंगपुरा से हारने की खबर मिली तो मेरी गैरराजनीतिक पत्नी रो पड़ीं। नई दिल्ली सीट से अरविंद केजरीवाल को भी हार का सामना करना पड़ा है अरविंद केजरीवाल को प्रवेश वर्मा ने हराया है।

### जनता का फैसला स्वीकार : केजरीवाल

राजधानी दिल्ली में तस्वीर लगभग साफ हो गई है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत कई बड़े चेहरे हार गए हैं। हालांकि, कालकाजी सीट से आतिशी ने रमेश बिधूड़ी को करीब 3521 वोटों से हराया है। इस पर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा को दी बधाई और कहा कि हमें जनता का फैसला स्वीकार है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे पर केजरीवाल ने प्रतिक्रिया दी है। केजरीवाल ने कहा हमने 10 साल में बहुत काम किया है। केजरीवाल ने बीजेपी को जीत के लिए बधाई दी। साथ ही कहा कि हम आगे भी लोगों के सुख-दुख में काम आएंगे।

### दिल्ली सचिवालय किया गया सील

दिल्ली चुनाव के नतीजों में बीजेपी को मिलती बढ़त के बीच दिल्ली सचिवालय को सील कर दिया गया है। यह आशंका थी कि आप नेता कुछ अहम फाइलें और दस्तावेज न गायब कर दें। अब सचिवालय में न कोई प्रवेश कर सकेगा। न ही दस्तावेज इधर-उधर हो पाएंगे।

### रायपुर में जश्न


दिल्ली में भाजपा की ऐतिहासिक वापसी को लेकर देशभर में भाजपाई खुशी मना रहे हैं। रायपुर राजधानी में भी भाजपाइयों ने सुबह से ही टीवी में भाजपा की बढ़त देख खुशियों से लबालब हो गए। जैसे ही बढ़त की संख्या बढ़ती गई खुशियों का माहौल बढ़ता गया और रायपुर में भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने हर चौक-चौराहे पर पटाखे फोड़े मिठाई बांटे। खासकर निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों ने इस विजय को अपनी जीत से जोड़ते हुए बाजे-गाजे के साथ जुलूस भी निकाले। भाजपा कार्यालय में नेता, सांसद, विधायक व कार्यकर्ता इकट्ठे हुए और खुशियां मनाई और एक-दूसरे के मुंह में लड्डू डाले।

### आतिशी कालकाजी सीट जीतीं, जनता को दिया धन्यवाद



मुख्यमंत्री आतिशी कालकाजी सीट पर चुनाव जीत गई हैं। वे भाजपा के रमेश विधुड़ी को हराया। दिल्ली के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी हार गई है। अपनी जीत पर मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि कालकाजी विधानसभा क्षेत्र की जनता का धन्यवाद। आतिशी ने कहा कि हम दिल्ली की जनता की आवाज उठाते रहेंगे।

## दिल्ली ने विकास चुना है : प्रवेश वर्मा



विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हराने के बाद अपनी जीत का जश्न मनाया। प्रवेश वर्मा ने कहा कि दिल्ली में बनने जा रही ये सरकार पीएम मोदी के विजन को दिल्ली में लाएगी। मैं इस जीत का श्रेय पीएम मोदी को देता हूं। मैं दिल्ली की जनता को धन्यवाद देता हूं। ये पीएम मोदी और दिल्ली की जनता की जीत है। इससे पहले एक्स पर अपनी पहली प्रतिक्रिया में उन्होंने लिखा कि जय श्री राम। उन्होंने यह भी लिखा कि अंधेरा छट गया, सूरज निकल गया, कमल खिल गया। दिल्ली ने विकास चुना है। ये जीत दिल्ली के विश्वास की है, ये जीत दिल्ली के भविष्य की है।परवेश वर्मा की बेटी सानिधि ने कहा कि हम सभी बहुत खुश हैं। मैं नई दिल्ली के लोगों को अगले पांच वर्षों तक हमें उनकी सेवा करने का मौका देने के लिए धन्यवाद देता हूं। विधायक बनने से हम बहुत खुश हैं। पार्टी ने जो पद दिया है, उसे हमने हमेशा स्वीकार किया है, इस बार भी हम इसे खुशी से स्वीकार करेंगे। बेटी तृषा ने कहा कि हम नई दिल्ली के लोगों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देते हैं। दिल्ली के लोग झूठ बोलकर सरकार चलाने वाले व्यक्ति को दूसरा मौका देने की गलती कभी नहीं करेंगे। हम जानते थे कि स्पष्ट जीत होगी, हम बस सही समय का इंतजार कर रहे थे। इस बार दिल्ली के लोगों ने झूठ को जीतने नहीं दिया।

### भाजपाइयों में जश्न का माहौल



### मिल्कीपुर में 50 हज़ार वोट से भाजपा जीत की ओर



अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के रूझान सामने आने लगे हैं। जीत का दावा करने वाली समाजवादी पार्टी 50 हज़ार वोटों से पीछे चल रही है। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार चंद्रभानु पासवान समाजवादी पार्टी के अजीत प्रसाद से 50 हज़ार वोटों से आगे चल रहे हैं। 15 राउंड की गिनती के बाद चंद्रभानु पासवान ने 50 हज़ार वोटों से बढ़त बनाते हुए बीजेपी की जीत की तस्वीरों को काफी हद तक साफ कर दिया है। बता दें कि मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव की मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू हो गई थी।

## ब्रेकिंग न्यूज

### महासमुंद जिले में दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत



**महासमुंद,** 8 फरवरी (हाईवे चैनल)। महासमुंद जिले में बीती रात दर्दनाक सड़क हादसा में दो लोगों की मौत हो गई वहीं 5 लोग घायल बताए जा रहे हैं।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार एक बारात महासमुंद के पटेवा से एक बरात ओडिशा गई हुई थी तभी वापस लौटने के दौरान नरतोरा के पास यह हादसा हुआ है। ओडिशा से बारात लेकर वापस आ रहा पिकअप वाहन टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गया।हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं 5 लोग घायल हुए हैं। हादसे की सूचना स्थानीय लोगों ने 112 और पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पटेवा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुमगांव लाया। बताया जा रहा कि पिकअप में सवार लगभग आधा दर्जन लोगों में से दो लोगों की मौत हो गई है।पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## महुआ शराब पीने से चार लोगों की मौत, कई लोगों की हालत गंभीर

**बिलासपुर,** 8 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में महुआ शराब पीने से चार लोगों की मौत हो गई. वहीं दर्जनभर से अधिक की हालत गंभीर बताई जा रही है. यह घटना कोनी थाना क्षेत्र के लोफंदी गांव की है. इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. गांव में बंट रहे चुनावी शराब से मौत की आशंका जताई जा रही है.

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है. गांव में अब तक चार ग्रामीणों के शव मिले हैं. पुलिस मामले की जांच में जुटी है. इस घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है. वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है. प्रशासन की टीम भी गांव पहुंच गई है. गांव में सर्वे कराया जा रहा.




## ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के फार्म हाउस में मिली 500 पेटी शराब, निकाय चुनाव में बांटने के लिए किया था जमा

**दुर्ग,** 8 फरवरी (हाईवे चैनल)। दुर्ग पुलिस और आबकारी विभाग ने संयुक्त कार्रवाई में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र वर्मा के फार्म हाउस में पांच सौ पेटी शराब जब्त किया है. नगरीय निकाय चुनाव में बांटने के लिए शराब को जमा किया गया था. यह भी पढ़ें = खबर का असर = छात्राओं से अश्लील हरकत करने वाला शिक्षक बर्खास्त, कलेक्टर के निर्देश पर जेडी ने जारी किया आदेश

जानकारी के अनुसार, पाटन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम फुंडा स्थित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र वर्मा के फार्म हाउस बड़ी मात्रा में शराब रखे होने की जानकारी मिली थी. पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने रात को छामापार कार्रवाई कर शराब को जब्त किया है. मौके पर अभी भी तीन थानों के प्रभारी और एडिशनल एसपी मौजूद बताए गए हैं. जानकारी के अनुसार, एमपी निर्मित शराब को आयशर माजदा गाड़ी में लोड पाटन लाया गया था. पुलिस और आबकारी की टीम ने ड्राइवर आजम खान सहित 6 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है, जिनमें मध्यप्रदेश के बड़वानी जिला के ग्राम ओझर निवासी सन्तोष मानकर, कुम्हारी निवासी सन्दीप सोनी, आकाश अग्रवाल, हेमंत राय यादव और जजंगिरी निवासी तुलेश साहू शामिल हैं. पैकिंग फोम के बीच में छिपाकर मध्य प्रदेश में बने शराब को छत्तीसगढ़ लाया गया था, जिसे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र वर्मा के फार्म हाउस में लगे टमाटर की फसलों के बीच छिपाने की तैयारी की गई थी, लेकिन पुलिस ने शराब लाए जाने की भनक मिलते ही दबिश दी, और पांच सौ पेटी शराब जब्त की. मामले में पुलिस ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र वर्मा के साथ उनके पिता भीखम वर्मा से भी पूछताछ करने की तैयारी में है.

## कल्याण ज्वेलर्स में मीडिया कर्मियों से दुर्व्यवहार करने वाले दो कर्मचारी गिरफ्तार



**रायपुर,** 8 फरवरी (हाईवे चैनल)। पंडरी स्थित कल्याण ज्वेलर्स में कल रात हुए हादसे की सूचना पुलिस को न देने और कवर करने गए मीडिया कर्मियों से दुर्व्यवहार करने वाले दो कर्मियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने पवन तिवारी पिता बोधनाथ उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम पुरेझाम तिवारीपुर बहुता पो लही जिला बाराबंकी यूपी है। दूसरा अखिल ए पिता अजय कुमार उम्र 27 वर्ष निवासी मादविलकती विदु आलपपुरम तिरुमला जिला तिरुवनंतपुरम थाना पूंजपुर केरल को गिरफ्तार किया है। इन दोनों ने मीडिया कर्मियों से हाथापाई कर घटना शूट कर रहे उनके कैमरे और मोबाइल छीनकर फेंक दिए थे। पुलिस इन्हें किराए में मकान देने वाले मकान मालिकों पर भी कार्रवाई कर सकती है क्योंकि इन्होंने इनके किराए दार होने की जानकारी संबंधित इलाके के थाने में नहीं दी और छिपाई।

CMYK